# आधार सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, प्रत्येक पात्र को मिले सुविधा : कलैक्टर

- जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग समिति की बैठक में आधार नामांकन, अपडेट एवं बाल आधार सेवाओं की समीक्षा की
- 'निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूलने वालों पर होगी कार्रवाई'

**सवाई माधोपुर, (निसं)।** जिले में संचालित आधार नामांकन एवं आधार अद्यतन सेवाओं की विस्तृत समीक्षा के लिए मंगलवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग समिति की बैठक कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में कलक्टर ने आधार सेवाओं को और अधिक सुलभ, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

जिला कलक्टर ने कहा कि आधार कार्ड प्रत्येक नागरिक की पहचान और विभिन्न सरकारी योजनाओं का महत्वपूर्ण आधार बन गया है। उन्होंने कहा कि जिले का कोई भी पात्र नागरिक आधार नामांकन अथवा अपडेट जैसी सेवाओं से वंचित न रहे। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को भी गुणवत्तापूर्ण आधार सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों के आधार नामांकन, विद्यार्थियों के बायोमेट्रिक अपडेट तथा आधार केन्द्रों की कार्यप्रणाली पर फोकस करते हुए समयबद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। संयुक्त निदेशक पंकज मीना बताया कि वर्तमान में विभिन्न रजिस्ट्रारों के माध्यम से जिले में कुल 93 आधार केन्द्र संचालित हैं, जिनमें डीओआईटी, पोस्ट ऑफिस, बैंक, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित सीएससी केन्द्र शामिल हैं। जिले में आधार नामांकन एवं अपडेट कार्य के लिए 87 मशीनें उपलब्ध हैं, जिससे आमजन को सुविधाजनक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। जिला कलक्टर ने जिले में संचालित सभी आधार केन्द्रों का नियमित निरीक्षण एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आधार सेवाओं में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूलने अथवा अन्य अनियमितताओं के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिला कलक्टर ने आधार बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए जनजागरूकता गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने विभिन्न विभागों को समन्वय स्थापित कर व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा सोशल मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म एवं अन्य माध्यमों से आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के आधार नामांकन में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग को बाल आधार नामांकन के लिए टैबलेट उपलब्ध कराए गए हैं तथा कार्मिकों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। उन्होंने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से विशेष अभियान चलाकर अधिकाधिक बच्चों का आधार नामांकन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने विद्यार्थियों के आधार बायोमेट्रिक अपडेट की समीक्षा के दौरान शिक्षा विभाग को विद्यालयवार कार्ययोजना तैयार कर आधार शिविर आयोजित करने के निर्देश प्रदान किए हैं। बैठक में उपखंड अधिकारी गौरव मित्तल, सीडीईओ मीना लसाडिया, यूआईडीएआई सहायक प्रबंधक आशुतोष कुमार, यूआईडीएआई प्रोजेक्ट मैनेजर निखिल जैन, उप निदेशक प्रियंका शर्मा, एलडीएम प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### दक्ष प्रजापति विकास संस्थान की बैठक

**करौली, (निसं)।** करौली दक्ष प्रजापति विकास संस्थान की बैठक प्रजापति छात्रावास रणगमा ताल करौली में मौंगी लाल प्रजापति की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।बैठक में अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। सचिव गंगाराम प्रजापत ने बताया कि छात्रावास भवन की क्षतिग्रस्त छत मरम्मतलेई कराने का 1.5लाख रुपए से करने सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया ,बैठक में छात्रावास अध्यक्ष मथौलाल प्रजापतिसे,भवन मरम्मत के लिए रमेश प्रजापति मद्दू ने 11हजार रुपए, माधौलाल प्रजापति ने 5100 रुपए,श्री केश प्रजापत (मलुआ) ने 3100 रुपए देने की घोषणा की, बैठक में मंडरायल तहसील अध्यक्ष लक्ष्मण लाल प्रजापति ने कहा कि युवाओं को समर्पण भाव से कार्य करना चाहिए, समाज की प्रतिभाओं के लिए छात्रावास का सौंदर्यीकरण पर जोर दिया, ठेकेदार को विशेष रूप से भवन मरम्मत का कार्य आगामी माह करने के निर्देश दिए।

### अवैध शराब बिक्री के विरोध में ज्ञापन

**धौलपुर, (निसं)।** जिले के कौलारी थाना क्षेत्र के गांव टेहरी का पुरा के हरीका पुरा में कथित अवैध कच्ची शराब बिक्री के विरोध में ग्रामीण महिलाओं ने जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। महिलाओं का आरोप है कि गांव में लंबे समय से अवैध शराब का कारोबार चल रहा है, जिससे परिवारों का सामाजिक और आर्थिक ताना-बाना प्रभावित हो रहा है। उनका कहना है कि शराब के नशे में कई पुरुष घर लौटकर पत्नी व बच्चों के साथ मारपीट करते हैं, जिससे घरेलू कलह बढ़ रही है और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ठाामीण महिलाओं ने आरोप लगाया कि अवैध शराब बिक्री की शिकायतें कई बार संबंधित थाने में की गईं, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि कुछ लोगों द्वारा घरेलू सामान गिरवी रखकर शराब उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे गरीब परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

### शिविर में 11 यूनिट रक्तदान एकत्रित

**करौली, (निसं)।** हिंडौन उपखंड के गांव कारवाड़ में श्री अजिर बिहारी ट्रस्ट, रीठौली के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 11 लोगों ने रक्तदान किया। ट्रस्ट के फाउण्डर प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर में कुल 11 यूनिट रक्तदान हुआ। रक्त का संठाहण हिण्डौन के एक ब्लड बैंक की टीम ने किया। रक्तदान शिविर में रूपेन्द्र, रणजीत, रामेश्वर,धीरज, रोहित, चेतन आदि ने रक्तदान किया।

## गल्ला व्यापारी के 2.80 लाख पार

**धौलपुर, (निसं)।** बसेड़ी कस्बे के बाड़ी मार्ग स्थित घड़ी फकीरा के समीप गल्ला व्यापारी की दुकान से 2 लाख 80 हजार रुपए चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित देवेंद्र कुमार गर्ग बेटा रमेश चंद वैश्य निवासी बसेड़ी ने पुलिस थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि बाइक पर सवार दो अज्ञात युवक उनके पास रखा रुपए से भरा थैला चुराकर ले गए। थैले में 2 लाख 80 हजार रुपए नकद, दुकान की चाबियां और अन्य महत्वपूर्ण कागजात थे। घटना के बाद व्यापारियों और सर्वसमाज के लोगों ने बैठक आयोजित की। इसमें व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। बैठक के उपरांत जिला पुलिस अधीक्षक के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और चोरी हुए माल की बरामदगी की मांग की गई है।

# करौली जिले में 9 अस्थायी भेड़ निष्क्रमण चेक पोस्ट स्थापित किए जाएंगे : कलैक्टर

**करौली, (निसं)।** जिले में आगामी भेड़ निष्क्रमण-2026 कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने की।

बैठक में पुलिस, वन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, विद्युत, शिक्षा, रसद, राजस्व तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में 1 जुलाई से 31 अक्टूबर 2026 तक संचालित होने वाले भेड़ निष्क्रमण कार्यक्रम की तैयारियों एवं विभागवार दायित्वों की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि पश्चिमी राजस्थान के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में भेड़ पालक अपने पशुधन के साथ जिले में चराई हेतु आते हैं। ऐसे में उनके सुरक्षित आवागमन, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा स्थानीय ग्रामीणों एवं भेड़ पालकों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की जाएगी।बैठक को संबोधित करते हुए जिला कलैक्टर ने कहा कि गत वर्षों के अनुभवों के आधार पर इस वर्ष जिले में लगभग 50 हजार भेड़ों के आगमन का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान उन्होंने भेड़ों के प्रवेश एवं निष्क्रमण के निर्धारित मार्गों, संवेदनशील स्थलों तथा चेक पोस्टों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में निर्णय लिया गया कि पूर्व वर्षों की भांति जिले में 9 अस्थायी भेड़ निष्क्रमण चेक पोस्ट स्थापित किए जाएंगे, जहां पशुपालन, वन, पुलिस एवं राजस्व विभाग के कार्मिक तैनात रहेंगे। इसके अतिरिक्त जिला एवं विभागीय स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित कर समुचित निगरानी रखी जाएगी तथा किसी भी प्रकार की समस्या के त्वरित समाधान के लिए मोबाइल भ्रमण दल भी गठित किए जाएंगे।

जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि भेड़ पालकों के लिए आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं तथा कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाए। बैठक में खाद्यान्न उपलब्धता, चिकित्सा सुविधाएं, विद्युत व्यवस्था, वन क्षेत्रों में चराई प्रबंधन तथा निरक्षर भेड़ पालकों के लिए साक्षरता गतिविधियों के संचालन पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस विभाग को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने तथा पर्याप्त पुलिस बल एवं होमगार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं वन विभाग को चराई क्षेत्रों के प्रबंधन एवं संबंधित व्यवस्थाओं के प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक कार्यवाही करने को कहा गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश चंद, उप वन संरक्षक सुमित बंसल, पीयूष कुमार शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सतीशचन्द्र मीणा, अधीक्षण अभियन्ता देवेन्द्र कुमार गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 90 वर्षीय सास को सिर पर बैठाकर 84 कोस परिक्रमा करा रही काजल

**डीग/भरतपुर, (निसं)।** पुरुषोत्तम मास में ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा के लिए देशभर से श्रद्धालुओं का आगमन निरंतर जारी है। इसी बीच सोमवार को डीग में एक ऐसा भावुक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जिसने हर किसी का हृदय छू लिया। हरियाणवी सिंगर काजल चौधरी अपनी 90 वर्षीय सास चंद्री देवी को सिर पर टोकरी में बैठाकर ब्रज चौरासी कोस की पदयात्रा कराते हुए डीग पहुंचीं। उन्हें देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

राजकीय जिला चिकित्सालय के समक्ष मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जितेंद्र फौजदार के नेतृत्व में चिकित्साकर्मियों और नागरिकों ने माला एवं दुपट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया। वहीं कामा गेट सहित विभिन्न स्थानों पर विज्जो पहलवान, किन्नर बेबी मौसी तथा सामाजिक संगठनों ने भी उनका सम्मान किया। काजल चौधरी ने बताया कि विवाह के बाद सास-ससुर ही महिला के माता-पिता होते हैं।

उनकी वृद्ध सास की वर्षों से इच्छा थी कि वे ब्रज चौरासी कोस की परिक्रमा करें, लेकिन अधिक उम्र के कारण यह संभव नहीं था। ऐसे में मैने संकल्प लिया कि में अपनी सास को स्वयं सिर पर बैठाकर परिक्रमा कराएंगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बहू को अपने सास-ससुर की सेवा माता-पिता की तरह करनी चाहिए, इससे परिवार में सुख, शांति और संस्कारों का वातावरण बना रहता है।

काजल चौधरी के साथ उनके भाई रिंकू चौधरी और पुत्र मनीष चौधरी भी परिक्रमा में शामिल हैं। बताया जाता है कि काजल चौधरी 18 वर्ष की आयु में ही विधवा हो गई थीं, लेकिन उन्होंने परिवार और सास की सेवा को ही अपना जीवन धर्म बना लिया।

उनकी यह सेवा, समर्पण और त्याग की भावना आज समाज के लिए प्रेरणा बन गई है। श्रद्धालुओं का कहना है कि यह दृश्य सचमुच कलयुग में सतयुग की झलक प्रस्तुत कर रहा है।

## समीक्षा बैठक आयोजित

**करौली, (निसं)।** आगामी दिनों में मॉनसून के मौसम को देखते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिड़वाल की अध्यक्षता में सोमवार को दक्षिण-पश्चिम मानसून के सक्रिय होने पर वर्षा की संभावना को देखते हुए पूर्व तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिकारी मानसून पूर्व तैयारियों को समन्वयता के साथ निर्धारित समय से पूर्व ही पूर्ण करे एवं इस संबंध मे अपनी कार्ययोजना बनाकर तैयार कर जिला मुख्यालय को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने मण्डरायल एवं सपोटरा के उपखण्ड अधिकारियों को संभावित जल भराव वाले गाँवों को चिन्हित करने व उनकी सूची भिजवाने के आदेश दिए ताकि आवश्यकता पड़ने पर विस्थापन की पूर्व तैयारियाँ सुनिश्चित की जा सके। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग को सड़क की सतह पर गड्ढों को चिन्हित कर सही करवाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने नगर परिषद् एवं जल संसाधन विभाग को रणगवां तालाब सहित अन्य बाँध एवं जल स्त्रोतों की पाल का निरीक्षण कर मरम्मत कार्य सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने जल संसाधन विभाग को वर्षामापी यंत्रों की कार्यशीलता की जाँच करने, नियंत्रण कक्ष स्थापित करवाने, रजिस्ट्रेशन एवं लाइसेन्स की मयाद जांच करवाने के लिए आदेशित किया। उन्होंने नगर परिषद, सार्वजनिक निर्माण विभाग को जीर्ण-क्षीण हो चुके स्कूल, जर्जर भवनों को चिन्हित करने व उचित नोटिस देकर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## सार-समाचार

### चौतन्य मानसिक विमंदित गृह के निरीक्षण में खामियां पाई

**करौली, (निसं)।** प्रताप सिंह मीना, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने बताया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार मंगलवार को चौतन्य मानसिक विमंदित गृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गृह में स्थित शौचालयों, रसोईघर, मेडिकल सुविधाओं, खाद्य सामग्री कक्ष, तथा गृह की मूलभूत सुविधाओं व साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था इत्यादि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गृह में साफ-सफाई का अभाव पाया गया। शौचालय गंदे पाए गए, रसोई घर में खाद्य सामग्री खुली अवस्था में पाई गई, बालक-बालिकाओं के हेतु बिस्तर साफ सुथरे नहीं पाए गए। गृह के भण्डार कक्ष में रखी हुई खाद्य सामग्री को भी जांचा गया, जिसमें आटे, पोहे और टोस्ट पर एक्सपायरी तिथी अंकित नहीं पाई गई, जिसे भण्डार कक्ष से हटाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से गृह की छत पर बनी दीवार पर फेंसिंग कराने हेतु निर्देशित किया गया।सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कर्मचारी उपस्थिती रजिस्टर को जांचे जाने पर उसमें 15 में से केवल 2 कर्मचारियों के हस्ताक्षर पाए गए, बाकि कर्मचारियों के हस्ताक्षर नहीं पाए गए। बालक-बालिकाओं के उपस्थिति रजिस्टर में 75 बच्चों का नाम अंकित था परंतु निरीक्षण में केवल 62 बच्चे ही उपस्थित पाए गए। बच्चों के निवास हेतु गृह के बेसमेंट में एक कमरा स्थित है, जिसमें प्राकृतिक रोशनी एवं हवा के अभाव के कारण दुर्गंध आ रही थी, जिस हेतु बच्चों को किसी अन्य कमरे में स्थानांतरित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के वक्त गृह में मौजूद फर्स्ट एड किट को जांचा गया, जिसमें एक्सपायरी डेट की दवाइयां पाई गई, जिन्हें सचिव द्वारा हटाया गया एवं गृह में लगे अग्निशमन यंत्र को जांचा गया, जो सही पाया गया। साथ ही सचिव प्रताप सिंह मीना द्वारा गृह संचालक को गृह में पाई गई कमियों को सुधारने एवं गृह में निवासरत बच्चों का विशेष रूप से ध्यान रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर गृह संचालक रामकिशन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निजी सहायक मानवेंद्र सिंह एवं विमंदित गृह का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### सालों से बंद रास्ते खोले

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** वजीरपुर उपखंड क्षेत्र में रास्ता खोलो अभियानचलाया गया। इस अभियान के तहत प्रशासन ने आम रास्तों पर किए गए अतिक्रमण हटाकर वर्षों से बंद पड़े मार्गों को फिर से सुचारु किया। तहसील प्रशासन की टीम ने पुलिस बल और जेसीबी मशीन की सहायता से मौके पर पहुंचकर यह कार्रवाई की। प्रशासन व पुलिसकी कार्रवाही से आमजन ने राहत की सांस ली। तहसीलदार कार्यालय वजीरपुर से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बगलाई में खसरा नंबर 1043 पर लगभग 25 वर्षों से बंद पड़े 300 मीटर लंबे रास्ते को खुलवाया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत श्यारोली में खसरा नंबर 1713, 2307, 2322, 2853 और 2854 पर 20 वर्ष से ज्यादा समय से संकरे किए गए रास्तों का चौड़ीकरण किया गया, जिससे आमजन के लिए आवागमन सुगम हो सके। ग्राम पंचायत खण्डीप में खसरा नंबर 4207, 1036 और 1087 पर लगभग 3 साल से बंद पड़े रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस कार्रवाई के दौरान तहसीलदार, नायब तहसीलदार, गिरदावर, पटवारी और अन्य राजस्व अधिकारियों की टीम मौजूद रही। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस जवान भी मौके पर तैनात थे। प्रशासनिक टीम ने जेसीबी की मदद से रास्तों पर किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाया और राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार आम रास्तों को बहाल किया। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से बंद रास्तों के कारण उन्हें खेतों, ढाणियों और अन्य स्थानों तक पहुंचने में परेशानी होती थी। अब रास्ते खुलने से आवागमन आसान होगा। प्रशासन ने संकेत दिया है कि अभियान के तहत चिन्हित अन्य मामलों में भी नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

### मनीष भान सिंह अवार्ड से सम्मानित

**भरतपुर, (निसं)।** गोवर्धन मथुरा उत्तर प्रदेश में 5 जून से 7 जून 2026 तक सम्पन्न नेशनल पावर लिफ्टिंग चौम्पियनशिप में भरतपुर के अंतर्राष्ट्रीय कोच व रैफरी मनीष भान सिंह को वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग इंडिया (जत्तियो पावर लिफ्टिंग फेडरेशन इंडिया) में पावर लिफ्टिंग खेल के लिए जीवन भर सहयोग एवं समर्पण के लिए लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड से शॉल, अवार्ड ट्रोफी भेंट कर सम्मानित किया। मनीष भान सिंह वर्तमान में राजस्थान वेट लिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष हैं व पावर लिफ्टिंग में कई बार राष्ट्रीय चौम्पियन व वर्ल्ड व ऐशियन गोल्ड मैडलिस्ट भी रहे हैं। इनकी इस उपलब्धि पर खेल जगत में हर्ष का माहौल है। जिला वेट लिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष संजीव चीनिया, नरेन्द्र पचौरी, राजस्थान पावर लिफ्टिंग संघ के सूरजभान तिवारी, ब्रज यूनीवर्सिटी के पूर्व खेल अधिकारी निरंजन सिंह व अन्य खेल प्रेमियों ने बधाई दी व हर्ष व्यक्त किया।

### अछनेरा रोड संघर्ष समिति की बैठक

**भरतपुर, (निसं)।** अछनेरा रोड संघर्ष समिति की बैठक लाट साहब की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अछनेरा रोड के चौड़ीकरण को लेकर क्षेत्रवासियों ने अपने विचार व्यक्त किए तथा सड़क की वर्तमान स्थिति एवं भविष्य की आवश्यकताओं पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए निवर्तमान पार्षद रामेश्वर सैनी ने कहा कि अछनेरा रोड के चौड़ीकरण की मांग को लेकर पूर्व में कई बार प्रशासन को ज्ञापन दिए जा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की बढ़ती आबादी एवं यातायात के दबाव को देखते हुए सड़क का चौड़ीकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा मांग पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण संघर्ष समिति द्वारा पुनः आंदोलन की रणनीति तैयार की गई है। इसी क्रम में 10 जून को जिला कलेक्टर भरतपुर को ज्ञापन सौंपकर अछनेरा रोड की चौड़ाई 14 मीटर किए जाने की मांग की जाएगी। बैठक में बहादुर सिंह पाराशर, हकीम राणा, गोरेलाल, ईश्वर सिंह, बृजभूषण, वेद, सतीश गुप्ता, राकेश शहर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** कृषि विभाग ने आत्मा योजना के तहत एक दिवसीय फील्ड डे का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में किसानों को खरीफ फसल प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण, कृषि यंत्रीकरण, उद्यानिकी विकास, पशुपालन एवं डेयरी व्यवसाय तथा राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न किसान कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। सहायक निदेशक कृषि गोपाल शर्मा ने गोष्ठी में कहा कि कृषि क्षेत्र जलवायु परिवर्तन, अनियमित वर्षा, बढ़ती उत्पादन लागत और प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते दबाव जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और आधुनिक कृषि प्रबंधन पद्धतियों को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।कृषि अधिकारी सियाराम मीना ने खरीफ फसलों की बुवाई से पहले खेत की तैयारी पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई, खेत का समतलीकरण, मेड़बंदी और वर्षा जल संरक्षण के उपाय अपनाने से उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। किसानों को उन्नत एवं प्रमाणित बीजों के चयन, बीजोपचार, उचित बीज दर और अनुशंसित दूरी पर बुवाई करने की सलाह दी गई। मीना ने यह भी बताया कि बुवाई हमेशा पर्याप्त नमी की स्थिति में ही की जानी चाहिए, जिससे अंकुरण अच्छा हो और पौधों की प्रारंभिक वृद्धि बेहतर हो सके। सहायक कृषि अधिकारी पिंटू लाल मीना ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की जानकारी दी।

### आज बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** जयपुर डिस्कॉम के मिर्जापुर उपखंड क्षेत्र में 33 केवी लाइन के मरम्मत कार्य के कारण 10 जून को सुबह बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान लगभग 7 हजार उपभोक्ता प्रभावित होंगे। कनिष्ठ अभियंता अजय ने बताया कि मिर्जापुर 33 केवी फीडर का शटडाउन 10 जून को सवेरे 6 बजे से सुबह 8.30 बजे तक लिया जाएगा। यह आवश्यक रखरखाव और मरम्मत कार्य को सुरक्षित रूप से पूरा करने के लिए किया जा रहा है। इस शटडाउन से जयपुर रोड, माधोपुर रोड, सैड रोड और इनसे जुड़े आसपास के इलाकों में करीब ढाई घंटे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। डिस्कॉम अधिकारियों के अनुसार मरम्मत कार्य पूरा होते ही विद्युत आपूर्ति पुनः बहाल कर दी जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से निर्धारित समयावधि के दौरान सहयोग और धैर्य बनाए रखने की अपील की है। डिस्कॉम का कहना है कि लाइन की मरम्मत से विद्युत तंत्र की विश्वसनीयता बढ़ेगी और भविष्य में आपूर्ति संबंधी समस्याओं में कमी आएगी।

## बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की वरीयता सूची जारी

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** वजीरपुर उपखण्ड मुख्यालय स्थित राजकीय महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बी.ए. प्रथम सेमेस्टर में नवीन प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की वरीयता सूची का आज प्रकाशन कर दिया गया है। सूची को महाविद्यालय के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित कर दिया गया है।

वरीयता सूची जारी होने के साथ ही महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की आवाजाही बढ़ गई है तथा महाविद्यालय में एक बार फिर शैक्षणिक गतिविधियों की रौनक लौटती दिखाई दे रही है। महाविद्यालय के प्रवेश नोडल अधिकारी प्रो. रामकेश मीना ''आदिवासी'' ने बताया कि बी.ए. प्रथम सेमेस्टर में कुल 200 स्वीकृत सीटें हैं, जबकि इस वर्ष 35 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। इनमें से 30 छात्र-छात्राओं की वरीयता सूची जारी कर सूचना पट्ट पर प्रदर्शित कर दी गई है। शेष 5 अभ्यर्थी आवेदन पत्र में त्रुटियां होने के कारण प्रवेश प्रक्रिया से वंचित रह गए हैं। नोडल अधिकारी ने बताया कि वरीयता सूची में शामिल सभी छात्र-छात्राओं को सर्वप्रथम महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपने मूल दस्तावेजों का सत्यापन करवाना होगा। दस्तावेज सत्यापन के उपरांत अभ्यर्थियों को ई-मित्र के माध्यम से निर्धारित प्रवेश शुल्क ऑनलाइन जमा कराना होगा। उन्होंने बताया कि ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि 13 जून 2026 निर्धारित की गई है। प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची का प्रकाशन 15 जून 2026 को किया जाएगा।

## शिविर आयोजित

**भरतपुर, (निसं)।** श्री महावर वैश्य सभा ;समितिद्ध, भरतपुर एवं भरतपुर नर्सिंग होम के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को बी नारायण गेट स्थित भरतपुर नर्सिंग होम में सर्व समाज हेतु निरूशुल्क स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया।शिविर में 300 से अधिक मरीजों की निरूशुल्क जांच कर विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया गया। शिविर में वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ संगीता अग्रवाल, स्त्री रोग एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन डॉ ऋचा गुप्ता, हड्डी एवं जोड रोग विशेषज्ञ डॉ दिवांक अठावाल तथा चर्म रोग, यौन रोग एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ टीकेन्द् सिंह मीना ने मरीजों की जांच की।

## रैवतीपुरा स्कूल में लंबे समय से रुका हॉल निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा

- पुराना टेंडर निरस्त कर नई निविदा जारी की

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** ग्राम पंचायत महूकलां के रैवतीपुरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में लंबे समय से रुका हॉल निर्माण कार्य अब जल्द शुरू होगा। 11 लाख रुपए की लागत से होने वाला यह निर्माण कार्य नई निविदा जारी होने के बाद गति पकड़ेगा।

एसडीएम को ज्ञापन सौंपे जाने के बाद संबंधित विभाग ने कार्रवाई की है। विद्यालय में हॉल नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को बैठने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पूर्व में स्वीकृत यह निर्माण कार्य किसी कारणवश रुका हुआ था, जिससे छात्रों की सुविधा प्रभावित हो रही थी। समाजसेवी आरसी गुर्जर ने करीब 1 महीने पहले इस संबंध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने निर्माण कार्य में हो रही देरी और ठेकेदार की कथित मनमानी का मुद्दा उठाया था, जिसके बाद प्रशासन सक्रिय हुआ।मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखा। जिला कलेक्टर गौरव सैनी के निर्देशानुसार, उन्होंने संबंधित विभाग को 11 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत हॉल निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए। इसके परिणामस्वरूप, विभाग ने पुराना टेंडर निरस्त कर नई निविदा जारी कर दी। नया टेंडर ठेकेदार नितेश जादौन के नाम खुला है।

# कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों की अनदेखी की जा रही : गजेन्द्र सिंह राठौड़

- अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) की प्रदेशव्यापी कर्मचारी जागृति यात्रा भरतपुर जिले में पहुंची

**भरतपुर, (निसं)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) की प्रदेशव्यापी कर्मचारी जागृति यात्रा भरतपुर जिले में पहुंची। यह यात्रा राज्य सरकार तक कर्मचारियों की लंबित एवं न्यायोचित मांगों को प्रभावी ढंग से पहुँचाने के उद्देश्य से निकाली जा रही है। यात्रा के दौरान जिले भर के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए एकजुटता का परिचय दिया तथा अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की।

यात्रा का मुख्य उद्देश्य आरजीएचएस के निजीकरण पर रोक लगाने, सरेंडर लीव का भुगतान तत्काल जारी करने, चयनित वेतनमान का लाभ 8, 16, 24 एवं 32 वर्ष पर प्रदान करने, बजट घोषणाओं को शीघ्र लागू करने, संविदा एवं ठेका कर्मियों को नियमित करने, पदोन्नित में दो वर्ष की छूट बिना शर्त लागू करने तथा आइसोलेट संवर्गों जैसे वाहन चालक एवं तकनीकी कर्मचारियों को पदोन्नित पर आर्थिक लाभ देने सहित महासंघ के 25 सूत्रीय मांग पत्र की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना रहा। यात्रा के दौरान कर्मचारियों को संबोधित करते हुए महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक उनकी जायज मांगों का समाधान नहीं हो जाता। इस अवसर पर जिले के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी साथियों ने भाग लिया। महासंघ के ज़िलाध्यक्ष योगेश कुमार एवं जिला महामंत्री जल सिंह कुंतल ने यात्रा को मिले अभूतपूर्व समर्थन के लिए सभी कर्मचारी साथियों का आभार व्यक्त किया तथा चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाया जाएगा। जागृति यात्रा रैली में आने वाले प्रदेश पदाधिकारी में गजेंद्र सिंह राठौड़ महामंत्री मोहन लाल शर्मा उपाध्यक्ष अजयवीर सिंह राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शेर सिंह यादव ओम प्रकाश चौधरी राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के अध्यक्ष डॉ रणजीत मीना राजस्थान वाटरवर्क्स कर्मचारी संघ के प्रभु सिंह और शशि कुमार शर्मा शामिल है।

महासंघ कार्यकारी जिलाध्यक्ष भरत सिंह गुर्जर एवं मुरारी लाल मीना ने बताया कि वेतन विसंगतियो पर पुनर्विचार करने के लिए एक उच्चस्तरीय मंत्रिमंडलीय समिति का गठन किए जाने, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण में राज्य कर्मचारियों की जमा कटौती की राशि को कर्मचारियों के खाते में जमा कराए जाने आदि मांगों का निराकरण किए जाने की मांग शामिल है। इस मौके पर महासंघ के पदाधिकारी संरक्षक अवधेश शर्मा त्रिगुणायत, मुख्य सलाहकार बच्चन सिंह मदेरणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष फर्मासिस्ट मनोज शर्मा, पवन कुमार, जितेंद्र कुंतल, रवींद्र तंवर नर्सिंग अधिकारी, विकास दीक्षित, विकास जैमन, रवि शर्मा, डॉ सुंदर सिंह, सतवीर सिंह आदि एवं महासंघ से सम्बद्ध समस्त कर्मचारी संगठनों के जिलाध्यक्ष कर्मचारी जिनमे वाहन चालक संघ के कुलदीप सिंह, वन मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के शुभम फौजदार, प्रमोद कुमार, राज शिक्षक संघ एकीकृत के राजवीर सरसेना, भूपेन्द्र सिंह मीना, तेज सिंह महावर, पीएचईडी के सतीश चंद, संदीप चौहान, राजस्थान रोडवेज के विनोद, लालपत सिंह, पेन्शनर संघ से डोरी लाल शर्मा, वरिष्ठ एवं कद्दावर नेता सरदार जोगिंदर सिंह, आंगनबाड़ी संघ के नरेंद्र विमल, पीडबल्यूडी श्रमिक संघ के मुकेश वर्मा, आदि के साथ साथ तमाम कर्मचारी पदाधिकारी व सक्रिय सदस्य मौजूद रहे।


श्रद्धांजलि (सप्तम पुण्यतिथि)



स्व. श्रीमती शकुन्तला देवी शर्मा

धर्मपत्नी **स्व. वैद्य श्री घनश्याम जी शर्मा** निवासी श्रीमाधोपुर की सप्तम पुण्यतिथि (10.06.2026) पर सभी परिवारजन की ओर से

*शत् शत् नमन एवं सादर श्रद्धांजलि*

कैलाश शर्मा (राष्ट्रदूत) एवं उमा शर्मा (से.नि.प्रधानाध्यापिका), नरेन्द्र शर्मा (से.नि.एयरफोर्स) एवं दीपशिखा, सत्यप्रकाश शर्मा (Govt. Supplier (M.E.S.) एवं ज्योति शर्मा (से.नि.प्रिंसिपल सी.सै.स्कूल) (पुत्र-पुत्रवधु), बीना एवं नरेन्द्र भारद्वाज (से.नि.भारतीय स्टेट बैंक) (पुत्री-दामाद), प्रशांत एवं प्रिया (पौत्र-पौत्रवधु) एवं समस्त परिवारजन

मो.नं.- 9829264308, 9829360428, 9462694531